प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.05.2026/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

मुख्य समाचार'

- शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव परिणामों के बाद प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ीं– कांग्रेस व भाजपा दोनों ही दल अपनी–अपनी जीत के दावे के साथ मना रहे हैं जश्न।
- कांग्रेस ने 47 में से 32 और भाजपा ने 30 शहरी निकायों पर जीत हासिल करने का किया दावा।
- केन्द्र सरकार ने कहा– देशभर में पैट्रोल, डीज़ल व एल.पी.जी. की आपूर्ति सामान्य बनाए रखने के लिए उठाए जा रहे हैं ठोस कदम।
- अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर कांगड़ा कला संग्रहालय में तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी– देशभर से अनेक कलाकार ले रहे हैं भाग।

और

- वेतन वृद्धि की मांग कर रहे सैहब सोसायटी के 8 सौ कर्मचारियों की हड़ताल से राजधानी शिमला में चरमराई सफाई व्यवस्था।

.............

चुनाव नतीजे

प्रदेश में 47 शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद राज्य में राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई हैं। हालांकि नगर परिषद व नगर पंचायतों के चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं करवाए गए लेकिन फिर भी कांग्रेस व भाजपा दोनों ही प्रमुख दल इन चुनावों में अपनी–अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने दावा किया है कि कुल 47 नगर निकायों में से कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों ने 32 निकायों पर जीत हासिल की है। उन्होंने इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये जीत राज्य सरकार की कार्यशैली का आधार है और समाज के हर वर्ग ने कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान किया है।

दूसरी ओर, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में दावा किया कि भाजपा ने 47 में से 30 शहरी निकायों पर जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि 25 नगर परिषदों में से 18 और 22 नगर पंचायतों में से 12 पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी चुनाव जीते हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि इन चुनाव परिणामों से स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश की जनता का कांग्रेस सरकार से भरोसा उठ चुका है।

आरोप–प्रत्यारोप

शहरी निकायों के चुनाव परिणामों के बाद भाजपा व कांग्रेस में आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि शहरी निकायों में कांग्रेस पार्टी को करारी हार मिली है। उन्होंने कहा कि इन चुनावी नतीजों से ये स्पष्ट हो गया है कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी का सूपड़ा साफ हो जाएगा। सिकंदर कुमार ने कहा कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ करारा जवाब दिया है। उन्होंने इस जीत के लिए भाजपा के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई दी है।

दूसरी ओर, कांग्रेस संगठन के प्रदेश महासचिव विनोद ज़िंटा ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश में कांग्रेस ने 47 में से 31 नगर परिषद व नगर पंचायतों में जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि सत्ता के इस सेमिफाइनल में कांग्रेस पार्टी का शानदार प्रदर्शन रहा है।

मुख्यमंत्री–बधाई

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज तिरूवनंतपुरम में केरलम् के मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने वी.डी. सतीशन को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में केरलम् विकास, सामाजिक न्याय और सुशासन की नई ऊंचाईयों को हासिल करेगा।

राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि हिमाचल को कौशल हब के रूप में विकसित किया जा रहा है और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आज शिमला में विभाग की एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में बताया कि प्रदेश में सुक्ष्म, लघु उद्यम और स्टार्ट अप ईको सिस्टम का निर्माण किया जा रहा है। राजेश धर्माणी ने बताया कि विद्यार्थियों के ज्ञान संवर्धन के लिए कृषि विज्ञान केन्द्रों व कृषि महाविद्यालयों के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा।

एलपीजी

केन्द्र सरकार देश में पैट्रोल, डीज़ल व एल.पी.जी. की आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठा रही है और सभी राज्यों में इनकी अपूर्ति सामान्य बनी हुई है। पैट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आज नई दिल्ली में बताया कि पिछले लगभग अढ़ाई महीने से पश्चिम एशिया संकट जारी है और स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज़ में अभी भी स्थिति सामान्य नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि इसके कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और एल.पी.जी. के दामों में वृद्धि हुई है।

संग्रहालय दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस है। इसका उद्देश्य लोगों को सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, शिक्षा और इतिहास के महत्व के बारे में जागरूक करना है। इस मौके पर धर्मशाला स्थित कांगड़ा कला

संग्रहालय में 3 दिवसीय कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। कांगड़ा की एस.डी.एम. शिल्पी बेक्टा ने इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान देशभर से आए कई जाने माने कलाकारों ने लगभग 50 कलाकृतियां प्रदर्शित की हैं। इस प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को हर कलाकार की रचनात्मकता व कला देखने को मिल रही है।

पीयूष गोयल

केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि वैश्विक चुनौतियों और अनिश्चितताओं के बावजूद भारत तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। आज नई दिल्ली में 'भारत व्यापार महोत्सव' की वेबसाइट लॉन्च करते हुए, गोयल ने कहा कि आगे बढ़ने का उत्साह कभी कम नहीं होना चाहिए और सभी को बिना थके लगातार काम करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को हासिल करने के प्रति भारत के उद्योगों, व्यापारिक समुदाय और लोगों में जज़्बा इतना मजबूत है कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को रोक नहीं सकती। पीयूष गोयल ने बताया कि भारत की अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है और निर्यात भी बढ़ रहा है।

सैहब सोसायटी

राजधानी शिमला में सैहब सोसायटी से जुड़े सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का आज चौथा दिन है। इस हड़ताल के कारण शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है और जगह–जगह कूड़े के ढेर पड़े हुए हैं। सैहब सोसायटी के कर्मचारियों ने शिमला में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। सैहब सोसायटी कर्मचारी यूनियन के उपाध्यक्ष अमित भाटिया ने कहा कि सोसायटी के लगभग 8 सौ कर्मचारी 10 फीसदी वेतन वृद्धि की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, ये अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी रहेगी।

आयुष मंत्रालय–परामर्श

केन्द्रीय आयुष मंत्रालय ने अत्यधिक गर्मी और लू के संबंध में आज एक व्यापक जन स्वास्थ्य परामर्श जारी किया है। इसमें पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, भीषण गर्मी के समय धूप में निकलने से बचने, हल्के सूती कपड़े पहनने और मौसमी फलों तथा इलेक्ट्रोलाइट से भरपूर तरल पदार्थों के सेवन पर बल दिया गया है। लोगों को गर्मी से संबंधित बीमारियों के खतरे के लक्षणों जैसे चक्कर आना, सिरदर्द, मतली, मानसिक स्थिति में बदलाव, उच्च तापमान, निर्जलीकरण, दौरे और बेहोशी के प्रति सतर्क रहने की चेतावनी दी गई है।

जे.पी. नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने स्विट्जरलैंड के जिनेवा में आयोजित 79वीं विश्व स्वास्थ्य सभा के दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक से मुलाकात की। इस दौरान नड्डा ने वैश्विक स्वास्थ्य समानता को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पारंपरिक चिकित्सा, एआई–आधारित जन स्वास्थ्य नवाचारों और टीबी उन्मूलन की दिशा में निरंतर प्रयासों जैसे प्रमुख कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला।